राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल ने 'अम्बेडकर जयन्ती' पर उन्हें अपना नमन निवेदित किया

पटना, 14 अप्रैल 2020

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने भारतीय संविधान निर्माता तथा सामाजिक समता, बंधुता और न्याय के प्रखर पक्षधर बाबा साहब डॉ॰ भीमराव अम्बेडकर को उनकी जयन्ती पर अपना सश्रद्ध नमन निवेदित किया है।

राज्यपाल श्री चौहान ने कहा है कि डॉ॰ अम्बेडकर ने अभिवंचितों के कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। वे एक महान दार्शनिक, समाजशास्त्री, न्यायविद्, आर्थिक विशेषज्ञ, सामाजिक सुधारक तथा सामाजिक समरसता के प्रबल समर्थक थे। भारतीय संविधान की रचना में उनकी अत्यन्त महत्वपूर्ण और अग्रणी भूमिका थी। भारत के वर्तमान सामाजिक और आर्थिक परिदृश्य पर भी डॉ॰ अम्बेडकर के चिन्तन और सिद्धान्तों की अमिट छाप दृष्टिगोचर होती है।

राज्यपाल ने कहा है कि 'अम्बेडकर जयन्ती' पर सभी बिहारवासियों व देशवासियों विशेषकर सभी युवाओं को डॉ॰ अम्बेडकर के जीवन–दर्शन और आदर्शों से भरपूर प्रेरणा ग्रहण करनी चाहिए तथा उनके बताये मार्ग के अनुसरण का संकल्प लेना चाहिए।

....